प्रो. एच. एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, कानपुर

IQAC बैठक की कार्यवृत्त, दिनांक 15.07.2025

आज दिनांक 15. 07. 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में IQAC की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें समर्थ पोर्टल की आवश्यकता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर से माँगे गए मार्ग दर्शन की अप्राप्ति की दशा में एवं शिक्षा निदेशक,उच्च शिक्षा, उ.प्र., प्रयागराज के दिनांक 04. 06. 2025 के आदेशानुसार IQAC के पुनर्गठन हेतु निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए:

1. आदेशानुसार समर्थ पोर्टल पर IQAC सदस्य के रूप में वाह्य महाविद्यालय के दो अध्यापकों को सम्मिलित करने का निर्णय से लिया गया।

2. IQAC में शामिल किए जाने हेतु महाविद्यालय की तरफ से डॉ. सुनील कुमार उपाध्याय, प्रोफेसर (बी. एड.), शिक्षा विभाग, डी.बी.एस. कॉलेज, कानपुर एवं डॉ. आकाश वर्मा, सहायक आचार्य(बी. एड.), शिक्षा विभाग, वी. एस. एस. डी. कॉलेज कानपुर को पत्र भेजकर उनकी सहमति तथा उनके EHRMS कोड एवं ईमेल प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

3. डॉ संदीप कुमार श्रीवास, सहायक आचार्य (बी. एड.), शिक्षा विभाग, को महाविद्यालय के IQAC का कन्वीनर नियुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया।

4. सत्र 2025-26 के बी.एड., एम.एड. एवं PGDCA पाठ्यक्रम के अकादमिक कैलंडर व टाइम टेबल एक सप्ताह में निर्गत किये जाने का निर्णय लिया गया।

5. महाविद्यालय की विभिन्न समितियों के पुनर्गठन/नवीनीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया।

हस्ताक्षर सदस्य

1.
2.
3.
4.
5.
6.
7.

15/07/2025

प्राचार्य
Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Prof. H.N. Mishra College of Education, Kanpur

आवश्यक सूचना 277/423/252/2025

दिनांक: 20.09.2025

IQAC के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज कुमार चौधरी जी के उत्तर प्रदेश समर्थ पोर्टल पर एकेडमिक लेवल–10 से 11 (ग्रेड पे 6000 से 7000) में प्रोन्नति सम्बन्धी बैठक दिनांक 20.09.2025 को सायं 04:00 बजे प्राचार्य कक्ष में आहुत की जानी है।

अतः आप सभी सदस्य उक्त बैठक का संज्ञान ग्रहण कर अनिवार्य रूप से बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

(डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास)
IQAC, समन्वयक

20/09/2025

प्रो0 (डॉ0) मनोज कुमार प्रजापति
प्राचार्य

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. मा० अध्यक्ष महोदय, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
2. प्रो0 सुनील कुमार उपाध्याय, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
3. डॉ0 आकाश वर्मा, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
4. डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
5. समस्त IQAC, सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
6. श्री नीरज कुमार चौधरी, असि. प्रोफेसर (अभ्यर्थी)

प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Prof. H.N. Mishra College of Education, Kanpur

आख्या

दिनांक: 09.10.2025

आज दिनांक 10.09.2025 को प्राचार्य जी की अध्यक्षता में श्री नीरज कुमार चौधरी के अकादमिक लेवल 10 से 11 में प्रोन्नति हेतु यू.जी.सी. विनियम 2018 के 6.4.B.I के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में दी गयी 05 वर्ष की अर्हकारी सेवा पश्चात प्रोन्नति का लाभ एम.एड. डिग्री को दिए जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में IQAC ने सर्वसम्मति से एम.एड. डिग्री को व्यावसायिक पाठ्यक्रम माने जाने के सम्बन्ध में अपनी सहमति व्यक्त की, क्योंकि शिक्षक–शिक्षा से सम्बंधित पाठ्यक्रमों के विषय में तथा उनकी प्रकृति निर्धारण के सम्बन्ध में निर्णय का अधिकार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को है, जिसकी स्थापना भारत सरकार के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम 1993 के तहत की गयी थी, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एम.एड. पाठ्यक्रम को व्यावसायिक पाठ्यक्रम मानती है और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के इस निर्णय व निर्णय के अधिकार को स्पष्ट रूप से माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील 2850/2020 के फैसले में स्वीकार किया गया। एम.एड. पाठ्यक्रम को व्यावसायिक पाठ्यक्रम मानने के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में यह भी विचारणीय रहा कि क्या यू.जी.सी. विनियम 2018 के 6.4 के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को दी गयी छूट का लाभ एम.एड. डिग्री धारकों को भी दिया जा सकता है, उक्त सम्बन्ध में दिल्ली विश्वविद्यालय में पत्रांक Estab- IV/017/2021/17 दिनांक 23.06.2021 का भी संदर्भ लिया गया। जिसमें एम.एड. पाठ्यक्रम को व्यावसायिक पाठ्यक्रम मानते हुए प्रोन्नति में यू.जी.सी. विनियम 2018 के 6.4 के तहत प्राप्त छूट/लाभ देने का निर्णय लिया गया है। उ0प्र0 शासन ने भी शासनादेश सं. 1190/सत्तर–1–2019–16(114)2010 दिनांक 15.10.2019 के तहत यू. जी.सी. विनियम 2018 को स्वीकार किया है। अतः उक्त विनियम के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त अभ्यर्थी का यदि वह पी–एच.डी. डिग्री धारक नही हैं तब 5 वर्ष में अकादमिक लेवल 10 से 11 में प्रोन्नति हेतु अर्ह माना है। जबकि ऐसे अभ्यर्थी जो न तो व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर डिग्री धारक नहीं है और न ही पी–एच.डी. डिग्री प्राप्त किये हैं, उन्हे 6 वर्ष में इस प्रोन्नति हेतु अर्ह माना गया है। उ0प्र0 शासन द्वारा ऐसा कोई आदेश संज्ञान में नहीं है कि वह किन पाठ्यक्रमों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत यू.जी.सी. विनियम 2018 एवं उ0प्र0 शासन के उपरोक्त शासनादेश द्वारा प्रदत्त 05 वर्ष की अर्हकारी सेवा के उपरान्त अकादमिक लेवल 10 से लेवल 11 में प्रोन्नति हेतु अर्ह मानती है, अतः सांविधिक संस्था राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम माने गये एम.एड. पाठ्यक्रम को IQAC द्वारा भी व्यावसायिक माना गया। उक्त सम्बन्ध में यह भी विचार किया गया है कि यू.जी.सी. विनियम में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की कोई सूची नहीं दी गई है। लेकिन LL.M., M.V.Sc., M.D. डिग्री का नाम उदाहरण स्वरूप देते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रकृति बतायी गयी है। जिससे भी स्पष्ट होता है कि उक्त डिग्रीयों के अतिरिक्त अन्य व्यावसायिक डिग्रीयॉ भी उक्त प्रोन्नति हेतु उपयुक्त मानी गयी है। IQAC ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि उ0प्र0 शासन द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रम को व्यावसायिक पाठ्यक्रम माना गया है। उ0प्र0 के उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा भी उन डिग्रियों के अतिरिक्त अन्य डिग्रियों को भी व्यावसायिक डिग्री मान यू.जी.सी. विनियम 2018 के 6.4 के तहत लाभ प्रदान किया गया है। M.Ed., M.B.A, M.E. M.S. जैसी डिग्रीयाँ भी जिनका नाम उक्त यू.जी.सी. विनियम में नही है, वे भी इसका लाभ पा रही है। एम.एड. डिग्री को भी इसका लाभ देने सम्बन्धित साक्ष्य है। अतः IQAC एम.एड डिग्री को यू.जी.सी. विनियम 2018 के 6.4 के व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि मानते हुये अकादमिक लेवल 10 से लेवल 11 में प्रोन्नति हेतु 05 वर्ष के अर्हकारी सेवा को पर्याप्त एवं उपयुक्त मानती है।

09/10/2025

प्रो0 (डॉ0) मनोज कुमार प्रजापति
प्राचार्य

IQAC समितिः–
1. डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास (समन्वयक)
2. प्रो0 सुनील कुमार उपाध्याय, (सदस्य)
3. डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल, (सदस्य)
4. डॉ0 आकाश वर्मा, (सदस्य)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Prof. H.N. Mishra College of Education, Kanpur

आवश्यक सूचना 277/423/B43/2026

दिनांक: 22.01.2026

IQAC के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश समर्थ पोर्टल पर IQAC के पुर्नगठन सम्बन्धी बैठक दिनांक 22.01.2026 को अपराह्न 01:30 बजे प्राचार्य कक्ष में आहूत की गयी है। एजेन्डा निम्नवत है–

1. डॉ0 शबीना अंसारी, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.) आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज, कानपुर की IQAC सदस्य के रूप में नामांकन।
2. डॉ0 आकाश वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.), IQAC सदस्य के अनुरोध पर उनके समर्थ आई.डी. में परिवर्तन

अतः आप सभी सदस्य उक्त बैठक का संज्ञान ग्रहण कर अनिवार्य रूप से बैठक में समय से (वाह्य सदस्य–Online) उपस्थित होने का कष्ट करें।

(डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास)
IQAC, समन्वयक

22/1/2026

प्रो0 (डॉ0) मनोज कुमार प्रजापति
प्राचार्य
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. मा० अध्यक्ष महोदय, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
2. प्रो0 सुनील कुमार उपाध्याय, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
3. डॉ0 आकाश वर्मा, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
4. डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
5. श्री नीरज कुमार चौधरी, असि. प्रोफेसर, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Prof. H.N. Mishra College of Education, Kanpur

आख्या

दिनांक: 22.01.2026

IQAC के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश समर्थ पोर्टल पर IQAC के पुर्नगठन सम्बन्धी बैठक दिनांक 22.01.2026 को अपराह्न 01:30 बजे से 02:00 बजे के मध्य प्राचार्य कक्ष में सम्पन्न हुयी। जिसमें निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये–

1. डॉ0 शबीना अंसारी, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.) आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज, कानपुर की IQAC सदस्य के रूप में नामांकित किये जाने हेतु पत्र प्रेषित कर सहमति लेकर कार्यवाही पूर्ण की जाये।
2. डॉ0 आकाश वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.), IQAC सदस्य के अनुरोध पर उनकी वर्तमान समर्थ आई.डी. को निष्क्रिय करते हुये पुनः नयी आई.डी. से IQAC सदस्य के रूप में नामांकित किया जाये।

(डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास)
IQAC, समन्वयक

22/1/2026

प्रो0 (डॉ0) मनोज कुमार प्रजापति
प्राचार्य

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. मा० अध्यक्ष महोदय, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
2. प्रो0 सुनील कुमार उपाध्याय, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
3. डॉ0 आकाश वर्मा, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
4. डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल, IQAC सदस्य, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।
5. श्री नीरज कुमार चौधरी, असि. प्रोफेसर, प्रो० एच० एन० मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर।

Principal
प्राचार्य
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

प्रो. एच. एन मिश्रा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, कानपुर

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

सूचना 277/423/352/2026 दिनांक- 17/02/2026

महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज कुमार चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.) की एकेडमिक लेवल 10 से एकेडमिक लेवल 11 में प्रोन्नति हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पर उनके इसी हेतु पूर्व में प्रेषित आवेदन पर ~~की गई~~ पूर्व में की गई आइक्यूएसी की कार्यवाहियों (20.08.25/ 04.09.25/ 20.09.25) एवं प्राचार्य द्वारा आहूत स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति के निरस्त बैठक के पश्चात समर्थ पोर्टल पर प्राप्त डायरेक्टर नॉमिनी के टिप्पणी के आलोक में दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 2:00 बजे प्राचार्य के अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड में (वाह्य सदस्यों हेतु गूगल मीट के माध्यम से) एक बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में आहूत की जा रही है। इस बैठक एजेंडा निम्नवत है-

1. श्री नीरज कुमार चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.) के अकादमिक लेवल 10 से अकादमिक लेवल 11 में पाँच वर्षों की सेवा उपरांत प्रोन्नति के आवेदन पत्र का जाँचोंपरांत अग्रसारण।

अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वह ससमय बैठक में उपस्थित हों , वाह्य सदस्य सुविधा अनुसार व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से शामिल होने का कष्ट करें।

17/02/2026.

प्राचार्य

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

समन्वयक (IQAC)

डॉ० सरोज कुमार जायसवाल - Physical

Prof. Sunil K. Upadhyay - whatsapp

Dr. Akash Verma - whatsapp

Dr. Shabina Ansari - whatsapp Shabina.

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

प्रो. एच. एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, कानपुर

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC)

कार्यवृत्त

दिनांक 18.02.2026

आज दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 2:30 बजे महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें ऐजेण्डा के अनुरूप सम्यक् विचारोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए-

1. श्री नीरज कुमार चौधरी,असिस्टेंट प्रोफेसर (बी. एड.) द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से एकेडमिक लेवल 10 से एकेडमिक लेवल 12 में प्रोन्नति हेतु दिए गए आवेदन के सभी विवरणों का संगत अभिलेखों से मिलान कर सत्यापित किया गया।

2. श्री नीरज कुमार चौधरी द्वारा इसी प्रोन्नति हेतु पूर्व में दिए गए आवेदन पर की गई कार्यवाहियों का पुनः अवलोकन किया गया तथा IQAC की दिनांक 20.09.2025 की आख्या एवं तत्सम्बंधी शासनादेश की व्यवस्था के आलोक में डायरेक्टर नॉमिनी द्वारा इस आवेदन पर दिनांक 10.12.2025 की समर्थ पोर्टल पर की गई टिप्पणी को तथ्यों और तर्कों से परे पाया गया। श्री नीरज कुमार चौधरी द्वारा उक्त प्रोन्नति हेतु किए गए पुनः आवेदन को समर्थ पोर्टल पर 5 वर्षों की अर्हकारी सेवा की पूर्णता के आधार पर दिनांक 01.11. 2022 से प्रोन्नति हेतु अगले चरण के लिए अग्रसारित किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

18/2/2026.

प्राचार्य/Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

हस्ताक्षर आइक्यूएसी समिति

1 Dr Sandeep Kr. Shivam (Convener)
2 Dr. Sooraj Kumar Jaiswal
3 Dr. Shabina Ansari Shabina.
4 Prof. Sunil Kumar Upadhyay
5 Dr. Akash Verma

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner